राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www. rsmsssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांक प.14(32)(1)RSSB/अर्थना/उ.वि./भर्ती/पात्रता जांच/2018/3413 दिनांक : 4-10-18

–::आदेश::–

बोर्ड द्वारा राजस्थान उद्योग अधीनस्थ सेवा नियम–1966 के अन्तर्गत उद्योग विभाग के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा 2018 के उद्योग प्रसार अधिकारी के पद हेतु दिनांक 22.07.2018 को परीक्षा की आयोजित की गई थी उक्त परीक्षा में वरीयता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों के डेढ गुणा सफल अभ्यर्थियों को केवल पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन हेतु सूचीबद्ध कर दिनांक 03.10.2018 को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर के कार्यालय में उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया था। पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन में निम्नलिखित अभ्यर्थी सूचना के बाद भी अनुपस्थित रहे है। पात्रता की जांच में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अन्तिम रूप से अवसर देते हुए सूचित किया जाता है कि वे दिनांक **08.10.2018 को प्रातः 11 बजे राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर के कार्यालय में** पात्रता की जांच एवं मूल दस्तावेजों के सत्यापन हेतु विस्तृत आवेदन एवं मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित हों। पुनः अवसर दिये जाने के बाद भी यदि उक्त अभ्यर्थी अनुपस्थित रहते हैं, तो उक्त पदों की भर्ती में उनके आवेदन पर विचार नही किया जायेगा तथा उनका आवेदन यह मानते हुए निरस्त कर दिया जायेगा कि वे इस भर्ती में पात्रता की जांच करवाने के इच्छुक नही है। इस संबंध में पुनः अवसर दिया जाना सम्भव नही होगा। दिनांक 03.10.2018 को पात्रता जांच एवं दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित अभ्यर्थियों के रोल नम्बर निम्नानुसार हैः–

409221	414891	422977	426206
454945	460083	464524	468760
475404	480269	481188	487781

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाएः–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिए आवश्यक निर्देश एवं उद्योग प्रसार अधिकारी के पदों पर भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन को ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लें।
2. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता, अनुभव, आयु, जाति, आचरण, विशेष श्रेणी यथा विशेष योग्यजन, भूतपूर्व सैनिक, विवाह पंजीयन, उत्कृष्ट खिलाडी, मूल निवास, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण पत्र के साथ प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्वयं द्वारा प्रमाणित फोटो प्रति संलग्न करें।
3. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिए आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(डॉ.मुकुट बी.जांगिड़)
सचिव